दिनांकः 21.11.2024 समय : 18.30 पीएम

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

- प्रदेश के सात विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव की मतगणना की सभी तैयारियां पूरी–मतगणना शनिवार 23 नवम्बर को सुबह 8 बजे से।
- राज्य के 15 से ज्यादा प्रमुख शहरों में बीते 24 घंटों में एक्यूआई 200 से ऊपर दर्ज–टोंक में सबसे ज्यादा वायु प्रदूषण।
- विद्यार्थियों में नवाचार को बढ़ावा देने के लिए केन्द्र सरकार की नई पहल।
- प्रदेश में तापमान में और गिरावट के साथ ठंड का असर बढ़ा–फतेहपुर 6 दशमलव 7 डिग्री तापमान के साथ सबसे ठंडा स्थान।

000

प्रदेश के सात विधानसभा क्षेत्रों – झुंझुनू, रामगढ़, दौसा, देवली–उनियारा, खींवसर, सलूम्बर और चौरासी में उपचुनाव की मतगणना की सभी तैयारियां पूरी हो गई हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने बताया कि मतगणना शनिवार 23 नवम्बर को सुबह 8 बजे से शुरू होगी। इस दौरान तीन स्तर की सुरक्षा व्यवस्था रहेगी। 98 टेबलों पर 141 राउंड में ईवीएम के मतों की गणना होगी। पोस्टल बैलेट के माध्यम से डाले गए मतों की गणना सबसे पहले होगी। इसके लिए 39 टेबल लगाए गए हैं। मतगणना स्थलों पर सीसीटीवी कवरेज और वीडियोग्राफी की व्यवस्था की गई है। मीडिया सेंटर में एलईडी स्क्रीन पर मतगणना के रुझान और परिणाम प्रदर्शित किए जाएंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट और निर्वाचन आयोग के मोबाइल एप 'वोटर हेल्पलाइन एप' पर भी मतगणना के रुझान और परिणाम उपलब्ध रहेंगे।

000

प्रदेश में तापमान में गिरावट के साथ वायु प्रदूषण भी बढ़ता जा रहा है। राज्य के 15 से ज्यादा प्रमुख शहरों में बीते 24 घंटों में वायु की गुणवत्ता खराब मापी गयी है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण मंडल की ओर से आज जारी की गयी रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश के कई शहरों में 24 घंटों में वायु गुणवत्ता सूचकांक–एक्यूआई 200 से ऊपर दर्ज किया गया है। टोंक में सबसे ज्यादा वायु प्रदूषण रहा, जहां का औसत एक्यूआई 333 मापा गया। इसके अलावा भीलवाड़ा का एक्यूआई भी 291 दर्ज किया गया है। राजधानी जयपुर का 274, चुरू का 265, झालावाड़ का 262 और भिवाड़ी का एक्यूआई 261 रिकॉर्ड हुआ। इनके अलावा, बारां, बीकानेर, बूंदी, चित्तौड़गढ़, हनुमानगढ़, कोटा, नागौर, सवाईमाधोपुर और सीकर में भी वायु गुणवत्ता का स्तर खराब रहा है।

000

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने युवाओं से 'विकसित भारत' के लिए लगातार काम करने का आह्वान किया है। वे आज महाराष्ट्र के संभाजी नगर में एक कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि लगातार मेहनत

करने वालों को ही सफलता मिलती है। श्री बागड़े ने कहा कि संस्कृति का अर्थ ही परिवर्तन को लेकर चलना होता है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति इसीलिए विश्वभर में आज भी अपनी पहचान बनाए हुए कि इसमें नए परिवर्तनों को साथ लेकर चलने की क्षमता है।

000

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा है कि सरकार किसानों के हितों के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने आज कोटपूतली–बहीरोड़ जिले के पाथरेड़ी में कृषि कॉलेज के लोकार्पण समारोह में कहा कि राज्य सरकार ने कृषि और किसानों के लिए कल्याणकारी योजनाएं बनाई हैं। उन्होंने कहा कि पाथरेड़ी में कृषि कॉलेज के खुलने से क्षेत्र के विद्यार्थियों और किसानों को काफी फायदा मिलेगा। दिया कुमारी ने राइजिंग राजस्थान को लेकर कहा कि प्रदेश में 25 लाख करोड़ रुपये के एमओयू हुए हैं और सरकार इन सभी को धरातल पर उतारेगी। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान को विकसित प्रदेश बनाना सरकार की प्राथमिकता है। कार्यक्रम में जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

000

केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत कल नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह में वर्ष 2022 और 2023 के लिए उस्ताद बिस्मिल्लाह खां युवा पुरस्कार प्रदान करेंगे। कुल 82 युवा कलाकारों को उस्ताद बिस्मिल्लाह खां युवा पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। राजस्थान से अंतरराष्ट्रीय भपंग वादक यूसुफ ख़ान को उस्ताद बिस्मिल्लाह ख़ां युवा पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। यूसुफ ख़ान ने 20 देशों में भपंग वादन की प्रस्तुति देकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इस कला को नई पहचान दिलाई है। संगीत नाटक अकादमी ने वर्ष 2006 में 40 वर्ष की आयु तक के युवा कलाकारों के लिए भारत रत्न उस्ताद बिस्मिल्लाह खां के नाम पर इस पुरस्कार की शुरुआत की थी। इस पुरस्कार का उद्देश्य देश के संगीत, नृत्य, नाटक, लोक और आदिवासी कला रूपों और अन्य संबद्ध प्रदर्शन कला रूपों के क्षेत्र में युवा कलाकारों को प्रोत्साहित करना है।युवा पुरस्कार में 25 हजार रुपये नकद, एक पट्टिका और अंगवस्त्रम दिया जाता है।

000

प्रदेश के विभिन्न जिलों में आज जन की समस्याओं सुनवाई की गई। जैसलमेर में जिला स्तरीय जनसुनवाई में जिला कलेक्टर प्रताप सिंह ने लोगों की समस्याओं को सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को उनके शीघ्र निपटारे के निर्देश दिए। चित्तौड़गढ़ में जिला कलेक्टर आलोक रंजन की अध्यक्षता में जिला स्तरीय जनसुनवाई आयोजित की गई। इस दौरान जिले के विभिन्न स्थानों से आए लगभग 40 प्रकरणों की सुनवाई हुई। जिला कलेक्टर ने अधिक समय से लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश भी दिए। इसके अलावा, सतर्कता समिति में दर्ज प्रकरणों पर भी चर्चा की गई। आज ही नीमका थाना, केकड़ी, झालावाड़, करौली, बालोतरा और बाड़मेर में भी जनसुनवाई के माध्यम से लोगों को राहत दी गई।

000

000

केन्द्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह ने आज नई दिल्ली में छात्र नवाचार और आउटरीच नेटवर्क विजन के लिए विकसित भारत पहल का उद्घाटन किया। इस पहल का उद्देश्य वंचित बच्चों में शिक्षा, कौशल विकास और नवाचार को बढ़ावा देना है। उन्होंने बताया कि यह पोर्टल दूरदराज के क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के लिए मार्गदर्शन और प्रशिक्षण तक पहुँचने के लिए एक प्रवेश द्वार के रूप में काम कर सकता है। श्री सिंह ने कहा कि विजन जैसी पहल विजन इंडिया 2047 के तहत देश की आकांक्षाओं को साकार करने का अभिन्न अंग हैं, जिसका उद्देश्य भारत को प्रौद्योगिकी, शिक्षा और आर्थिक विकास में वैश्विक नेता के रूप में स्थापित करना है।

000

केंद्रीय जलशक्ति राज्यमंत्री डॉ. राजभूषण चौधरी ने आज जैसलमेर में जल जीवन मिशन कार्यों का अवलोकन किया। उन्होंने फतेहगढ़ पंचायत समिति के ग्राम कोडियासर में जल जीवन मिशन के तहत हुए घर–घर जल कनेक्शन के कार्य का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने लाभार्थियों के घर जाकर नल से पेयजल सप्लाई के काम को देखा। डॉ. चौधरी ने कहा कि जल जीवन मिशन का उद्देश्य 2024 तक देश के सभी दूर–सुदूर गांवों के हर घर तक शुद्ध पेय जल पहुंचाना है। इसके अलावा, राज्यमंत्री ने डाबला ग्राम पंचायत में राजीविका के तहत संचालित सीएफएल का निरीक्षण किया और वहां पर स्वयं सहायता समूह द्वारा करवाए जा रहे हैंडीक्राफ्ट के कार्यों का अवलोकन किया। उन्होंने महिला सहायता समूहों की हौसला अफजाई की और इस कार्य से उनको मिल रहे रोजगार के बारे में फीडबैक लिया।

000

प्रदेश में तापमान में गिरावट के साथ ठंड का असर बढने लगा है। बीती रात राज्य के 10 से ज्यादा स्थानों पर न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे मापा गया है। मौसम केंद्र जयपुर की ओर से जारी रिपोर्ट के अनुसार माउंट आबू में रात का तापमान सबसे कम 5 डिग्री सेल्सियस रिपोर्ट किया गया। सीकर में रात का पारा 7 डिग्री, सिरोही में 8 दशमलव 1 डिग्री और चुरू में रात का पारा 8 दशमलव 6 डिग्री दर्ज किया गया। कई अन्य स्थानों पर भी रात का पारा 12 डिग्री से नीचे आ गया है। रात के साथ दिन के तापमान में भी गिरावट की गयी है। कई स्थानों पर अधिकतम तापमान भी औसत से नीचे दर्ज किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दो–तीन दिन में अधिकांश स्थानों पर मौसम में कोई बड़ा बदलाव आने की संभावना नहीं है। प्रदेश के उत्तरी भागों में सुबह के समय कोहरा रहने की संभावना है।

000

उत्तर–पश्चिम रेलवे के बीकानेर मंडल में सर्दियों के मौसम में रेल संचालन को लेकर विशेष तैयारियां की जा रही हैं। सर्दियों के मौसम में कम तापमान से रेललाइन के सिकुड़ने और कोहरे में रेल संचालन को लेकर विशेष योजना बनाई गई हैं। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक भूपेश यादव ने बताया कि मंडल में कुल

287 यात्री गाड़ियों और 120 मालगाड़ियों में लोको पायलट्स को फॉग डिवाइस दी जाएगी, जो कोहरे के समय सिग्लन के सम्बंध में सही सूचना देंगे। फॉग डिवाइस सिग्नल से लगभग 2000 मीटर पहले ही लोको पायलट को सूचित करना शुरू कर देती है, इससे लोको पायलट अपनी गाड़ी की गति को पहले से ही नियंत्रित कर सकते हैं। इसके अलावा रेल पटरियों पर रात के समय गश्त को बढ़ाया जाएगा। ताकि सर्दी में पटरी में फैक्चर की तुरंत सुचना मिल सके और खतरे की स्थिति को टाला जा सके।

000

जयपुर के जवाहर कला केन्द्र और मध्य प्रदेश शासन संस्कृति विभाग की ओर से 100वें तानसेन समारोह का आयोजन किया जा रहा है। कल शाम 3 से 4 बजे तानसेन केंद्रित संगोष्ठी होगी जिसमें प्रसिद्ध ध्रुवपद गायिका प्रो. डॉ. मधु भट्ट तैलंग, सुर बहार वादक डॉ. अश्विन दलवी और वरिष्ठ संस्कृतिकर्मी और कला समीक्षक डॉ. राजेश व्यास विचार रखेंगे। शाम 6 बजे से केन्द्र के रंगायन सभागार में वादन और गायन की प्रस्तुति होगी।

पं. प्रवीण और चेताली शेविलकर वायलिन वादन की प्रस्तुति देंगे, रामेन्द्र सिंह सोलंकी तबले पर संगत करेंगे। डॉ. प्रवीण और श्रुतिशील उद्धव तबला वादन करेंगे उनके साथ पं. धर्मनाथ मिश्र हारमोनियम पर संगत करेंगे।

000

सिरोही जिले के शिवगंज में आज विकसित भारत/2047 मल्टीमीडिया प्रदर्शनी का शुभारंभ हुआ। दो दिन की इस प्रदर्शनी का उद्‌घाटन जिला प्रमुख अर्जुन राम पुरोहित ने किया। इस मौके पर सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई और योजनाओं से संबंधित चित्रों की प्रदर्शनी लगाई गई।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आगामी रविवार को आकाशवाणी के 'मन की बात' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 116वीं कड़ी होगी। श्रोता, टोल फ्री नम्बर 1 8 0 0 – 1 1 – 7 8 0 0 पर कल तक इस कार्यक्रम के लिए सुझाव भेज सकते हैं। इसके अलावा 1922 नम्बर पर मिस्ड कॉल देकर एस एम एस पर मिले लिंक से भी सुझाव भेजे जा सकते हैं। नरेंद्र मोदी एप या माई जीओवी ओपन फोरम के जरिये ऑनलाइन भी सुझाव दिये जा सकते हैं।

000

देश–प्रदेश में इन दिनों शादियों और त्योहारों के सीजन के साथ ही सोजत की मेहंदी की मांग में जबरदस्त बढ़ोतरी हुई है। इससे पाली जिले के इस क्षेत्र में मेंहदी की खेती करने वाले किसानों में खुशी की लहर है। मेहंदी की बढ़ती मांग से किसानों में नई उम्मीद जगी है और वे अपनी खेती के तरीकों को

और बेहतर बनाने के प्रयास कर रहे हैं। सोजत की मेहंदी की गुणवत्ता किसानों के लिए आर्थिक वरदान साबित हो रही है।

000